<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 ***फरवरी*** 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में पेश किया प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट। गांवों के विकास के लिये बजट में पच्चीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की व्यवस्था।
- आगामी पर्व और त्यौहारों को लेकर प्रशासनिक तैयारयों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा। कहा– धार्मिक आस्था और परम्परा का पूरा सम्मान, लेकिन अराजकता स्वीकार नहीं।
- प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या अट्ठावन करोड़ के पार। प्रदेश की सभी जेलों में कैदियों को दी जायेगी संगम के पवित्र जल से स्नान करने की सुविधा।
- प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी और वर्षा से जन–जीवन प्रभावित, गाजियाबाद और हापुड़ में पड़े ओले।

**********

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कल वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ छः लाख रुपये का बजट विधानसभा में पेश किया। यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिये नौ हजार अठहत्तर करोड़ चौरासी लाख और गांवों के विकास के लिये पचीस हजार चौदह करोड़ उन्तीस लाख रूपये की व्यवस्था की गयी है। सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिये इकतीस हजार आठ सौ पचास करोड़ नब्बे लाख रूपये का प्रावधान किया है। जबकि, प्राथमिक शिक्षा के लिये सतहत्तर हजार चार करोड़ तीस लाख रूपये और माध्यमिक शिक्षा के लिये उन्नीस हजार दो सौ इकसठ करोड़ तेरह लाख रूपये का बजट निर्धारित किया गया है। सरकार ने बजट में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहीं मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी देने की भी घोषणा की है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। एक रिपोर्ट.

***वर्ष 2025 26 के बजट में राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक का प्रदेश सरकार के लक्ष्य के दृष्टिगत प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के विकास के लिये 200 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार ने 'जीरो पॉवर्टी अभियान' शुरू किया है। बाइट.....***

***दो अक्टूबर दो हज़ार चौबीस से जीरो पॉवर्टी अभियान का प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित करते हुए उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए और उनकी वार्षिक आय कम से कम एक लाख पच्चीस हज़ार रुपए के स्तर तक लाए जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। महिला एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में छियानवे लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है।***

***बजट में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के संचालन हेतु 600 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।***

सरकार ने बजट 2025–26 में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण का निर्णय लिया है। इसके तहत, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से गंगा एक्सप्रेस–वे कौसिया, हरदोई वाया फर्रूखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराया जायेगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उधर, विधान परिषद में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश सरकार का बजट प्रस्तुत किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह बजट प्रदेश के लिये अगले पचीस साल का रोड मैप तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है।

***और दो हज़ार पच्चीस छब्बीस का जो बजट है। यह भारत की सनातन संस्कृति को समर्पित सर्वे भवन्तु सुखिना की अवधारणा पर गरीब अन्नदाता किसान, युवा महिला के उत्थान को समर्पित है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी का विजन जिसमें वंचित को वरीयता यानी वंचित को वरीयता या उसका एक थीम है, उसका केंद्रीय भाव है, इसको समर्पित है।***

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट को प्रदेश के विकास और आम लोगों के हित में बताया, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट को निराशाजनक करार दिया।

***जिस सरकार के पिछले कई बजटों को अगर हम देखे तो यह जो बजट है इनके घोषणा पत्र से कोई तालमेल नहीं बनता है इनका इस बजट का और इससे पहले बजट का कोई फोकस नहीं रहा बिना विजन के बजट आए हैं।***

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार का यह बजट मध्यम वर्ग का तुष्टीकरण करने वाला है।

**********

महाशिवरात्रि, होली, चैत्र नवरात्र, रामनवमी, रमजान जैसे आगामी पर्व–त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन की प्रशासनिक तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक परंपरा और आस्था का पूरा सम्मान सम्मान होगा लेकिन अराजकता स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हम सभी प्रयागराज महाकुम्भ के विशेष आयोजन से जुड़े हुए हैं। इसका समापन आगामी छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर होना है। इसी तरह, चंद्र दर्शन के आधार पर एक या दो मार्च से रमजान माह प्रारम्भ हो रहा है। फिर तेरह मार्च को होलिका दहन और चौदह मार्च को होलिकोत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार मार्च में ही नवरोज, चैत्र नवरात्र, राम नवमी और ईद–उल–फितर जैसे अनेक महत्वपूर्ण पर्व–त्योहार मनाये जाएंगे। इन सभी अवसरों पर सबकी सुरक्षा और सबको सुविधा सुनिश्चित कराना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या कल देर शाम तक अट्ठावन करोड़ से अधिक पहुंच गई। कल एक करोड़ अट्ठाइस लाख से अधिक लोगों ने पवित्र स्नान किया। महाकुंभ पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल प्रयागराज में अक्षयवट और सरस्वती कूप का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि अक्षयवट अनंतकाल से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भी कल प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्था की सराहना की। इस बीच, श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज जिलाधिकारी ने जिले में कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों में छब्बीस फरवरी तक ऑनलाइन शिक्षण कार्य संचालित करने का निर्देश दिया है। प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को महाकुंभ का पुण्य लाभ दिलाने के लिए राज्य के सभी जेलों के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

***प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से कलश में जल लाकर,जेलों में स्थापित कुण्डों या टबों में डाला जाएगा जिससे इच्छुक कैदी स्नान कर सकें। सभी जेलों में संगम जल से स्नान और पूजा–अर्चना का आयोजन किया जाएगा। लखनऊ रेंज के डीआईजी कारागार, डॉ. रामधनी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई महाकुंभ के पुण्य अवसर से लाभान्वित हो सके,चाहे वह जेल में ही क्यों न हो। कार्यक्रम का शुभारंभ आज लखनऊ स्थित आदर्श कारागार में प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान करेंगे। उनके साथ प्रमुख सचिव कारागार अनिल गर्ग एवं महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री भी उपस्थित रहेंगे। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज***

इस समय प्रदेश की जेलों में लगभग नब्बे हजार कैदी बंद हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेईस फरवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के जरिये अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी।

**********

प्रदेश के गाजियाबाद और हापुड़ समेत कई जिलों से बारिश के साथ साथ ओला भी पड़ने के समाचार मिले हैं। एटा, फर्रुखाबाद, बदायूं, शामली, मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, हमीरपुर और जौनपुर समेत कई जिलों में कल से शुरू हुई बूंदाबांदी और वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि आज से छब्बीस फरवरी तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं हल्का कोहरा पडने की संभावना है।

**********